हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 3 मई 2024

04 भैरुंदा में सीवरेज लाइन का काम लोगों के लिए बना…



07 मेडिकल कॉलेज में पर्चा बनवाने से पहले …





## खबर संक्षेप

### नवोदयः 1377 पदों पर निकली भर्ती

**सीहोर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नवोदय विद्यालय समिति में विभिन्न गैर-शिक्षण 1377 पदों पर भर्ती के लिए पंजीकरण की समय सीमा बढ़ाकर 7 मई कर दी है। उम्मीदवार navodaya.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। सुधार विंडो 9 9 से 11 मई तक खुलेगी। इसमें महिला स्टाफ नर्स के 121, असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के 5 पद, ऑडिट असिस्टेंट के 12 पद, जूनियर अनुवाद अधिकारी के 4 पद, कानूनी सहायक का 1 पद, स्टेनोग्राफर के 23 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पद, कैटरिंग सुपरवाइजर के 78 पद, जूनियर सचिवालय सहायक के 381 पद, इलेक्ट्रिशियन सह प्लंबर के 128 पद, लैब अटेंडेंट के 161 पद, मेस हेल्पर के 442 पद, मल्टी टास्किंग स्टाफ के 19 पद हैं।

### सीबीएसईः 15 तक आएगा रिजल्ट

**सीहोर।** सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा परिणाम की तारीख अभी तय नहीं है। हालांकि संभावना जताई जा रही है कि महीने के पहले पखवाड़े में ये रिजल्ट आ सकते हैं। यानी कि 10 से 15 मई के बीच परिणाम की घोषणा होने की उम्मीद जताई जा रही है। पिछले साल 12 मई को परिणाम जारी हुआ था। रिजल्ट में कहीं भी किसी तरह की कोई गड़बड़ न हो इसके लिए सीबीएसई खास तैयारी कर रखी है। एरर लेस रिजल्ट के लिए क्रास चेकिंग की प्रोसेस की जा रही है। 15 फरवरी से 2 अप्रैल के बीच दोनों कक्षाओं की परीक्षा हुई थी।

### 9 मई तक च्वॉइस फिलिंग का मौका

**सीहोर।** बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीए बीएड, बीएससी बीएड, बीएलएड तथा बीएड (अंशकालीन) कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया का पहला चरण 1 मई से शुरू होगा। विद्यार्थी 9 मई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं च्वॉइस फिलिंग कर सकते हैं। दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन 2 से 11 मई तक होगा। त्रुटिपूर्ण एवं पठनीय दस्तावेजों के आवेदकों द्वारा निकट के हेल्प सेंटर में पहुंच सत्यापन कराने की प्रक्रिया 2 से 14 मई तक चलेगी। मेरिट लिस्ट का प्रकाशन 15 मई को होगा। मेरिट एवं च्वॉइस फिलिंग के अनुसार सीट आवंटन 21 मई को किया जाएगा।

### दो एसएसटी चेक पोस्ट पर 3 लाख नकदी जब्त

**सीहोर।** शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने एसएसटी चेक पोस्ट तथा फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा निरंतर चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है। चेकिंग के दौरान बिलकिसगंज एसएसटी चेक पोस्ट पर दो लाख नगद राशि जब्त की गई। एसएसटी चेक पोस्ट दौलतपुर घाटी में एक लाख रूपये की नगद राशि तथा निपानिया काला एसएसटी चेक पोस्ट पर 66 क्वाटर मदिरा जब्त की गई।

## महिला डॉक्टर और सुविधाएं नहीं होने से गर्भवती महिलाएं अन्य मरीज हो रहे हैं परेशान

# 50 गांव की आबादी को उपचार सुविधा मुहैया कराने वाला दीवड़िया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ही बीमार

### नर्स के भरोसे है प्रसूताओं की डिलीवरी और इलाज की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवड़िया की व्यवस्थाएं इन दिनों भगवान भरोसे चल रही है। अस्पताल में लंबे समय से महिला डॉक्टर नहीं है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र की महिला मरीजों को घूंघट की औट में पुरुष डॉक्टर से इलाज कराना पड़ता है। कई बार तो महिलाएं शर्मवश अपनी बीमारी भी पुरुष डॉक्टर को नहीं बता पाती हैं। यह पुरुष डॉक्टर भी सप्ताह में एक -दो दिन ही आते हैं। ऐसे में मरीजों व प्रसूताओं का उपचार से लेकर डिलीवरी भी नर्स करवा रही है। कोई इमरजेंसी मरीज आता है तो उसे रेफर कर दिया जाता है। इस दौरान प्रसूताओं के साथ यदि कोई अनहोनी होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा, यह समझ से परे है। डॉक्टरों और स्टाफ की कमी के चलते यहां आने वाले मरीजों से लेकर गर्भवती महिलाओं तक को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि दीवड़िया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दीवड़िया सहित आसपास के करीब 40 से अधिक गांव की आबादी के स्वास्थ्य का जिम्मा है। लेकिन अस्पताल में लंबे समय से महिला डॉक्टर सहित कंपाउंडर, वार्ड बॉय, ड्रेसर, एलएचवी के पद खाली पड़े हैं। इसके चलते क्षेत्र के मरीजों व प्रसूताओं को उपचार एवं डिलीवरी के लिए खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि क्षेत्रवासी महिला चिकित्सक सहित खाली पदों को भरे जाने की मांग लगातार शासन, प्रशासन से कर रहे है। डॉक्टरों और स्टॉफ की कमी के चलते यहां आने वाले मरीजों को बेहतर एवं समुचित उपचार सुविधा नहीं मिल पा रही है। आलम यह है कि प्रसूताओं के परिजन बड़ी उम्मीद के साथ उसे लेकर डिलीवरी कराने आते है, लेकिन केंद्र में डिलेवरी नर्स के भरोसे होने के कारण उन्हे अनहोनी का डर सताता रहता है। क्षेत्र के निर्धन और सामान्य वर्ग के लोग उपचार के लिए इस अस्पताल पर ही निर्भर है, लेकिन यहां व्याप्त अव्यवस्थाओं के कारण उन्हे भगवान भरोसे ही रहना पड़ रहा है।




#### एक डॉक्टर वह भी सप्ताह में 2 दिन आते हैं

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर सागर मीणा के अलावा 1 नर्स , 1 एएनएम और 1 फार्मासिस्ट ही पदस्थ है। जानकारी के अनुसार डॉक्टर सागर भोपाल से अपडाउन करते हैं जो कि सप्ताह में 2-3 दिन ही अस्पताल आते हैं। इस संबध में डॉक्टर सागर का कहना है कि उन्हे इछावर सिविल अस्पताल में भी ड्यूटी करना पड़ती है। इसके अलावा कार्यालयीन कामों एवं मीटिंग आदि में भी जाना पड़ता है। अब ऐसे में क्षेत्र के मरीजों को कितना स्वास्थ्य लाभ मिल पाता है इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

#### नर्स के भरोसे होती है डिलीवरी

दीवड़िया निवासी रामसिंह वर्मा , अनिल राठौर बताते है कि अस्पताल में हर महीने 10 से 12 डिलीवरी होती हैं। साथ ही बड़ी संख्या में महिला मरीज भी उपचार कराने आती हैं। उसके बाद भी अस्पताल में महिला चिकित्सक पदस्थ नहीं है। इससे गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए इछावर और सीहोर आना पड़ता है। हालात यह है कि अस्पताल में अगर कोई गर्भवती महिला डिलीवरी के लिए पहुंच जाती है तो प्रसूता का प्रसव नर्स और दाई द्वारा कराया जाता है। इस दौरान प्रसूता की जान पर जोखिम बना रहता है।

#### डॉक्टर्स की कमी के कारण शोपीस बना स्वास्थ्य केंद्र

अस्पताल में हर महीने करीब 1200-1500 मरीज इलाज के लिए आते है, लेकिन सुविधाएं और स्टाफ की कमी से निराश होकर उन्हें बैरंग लौटना पड़ता है। अस्पताल में स्वीकृत पदों पर नियुक्ति स्वास्थ्य केंद्र में नहीं होने से मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने वाला केंद्र स्वयं ही स्टाफ की कमी से बीमार दिखाई दे रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाएं और व्यवस्थाएं प्रभाावित हो रही है। उपचार के लिए मरीजों को इधर -उधर दूर शहरों में भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है।

#### कराई जाएंगी व्यवस्था

स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं दुरूस्त कराई जाएंगी। डॉक्टर सागर की इछावर अस्पताल में कभी कभार ही ड्यूटी लगाई जाती है। यदि वह नियमित स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंच रहे है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. पुष्पा चंदेल,** सीबीएमओ इछावर

## भतीजे ने बुआ का पैतृक मकान तोड़ाः बेघर परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मदद की गुहार लगाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पारिवारिक विवाद के चलते भतीजे ने बुआ के पैतृक मकान को तोड़ दिया है। मेवातीपुरे का गरीब परिवार एक ही रात में बेघर हो गया। दुखी बुजुर्ग बीमार परिवार ने एसपी से मदद की गुहार लगाई है क्योंकि भतीजा पूरे घर का सामान भी ट्रैक्टर ट्रॉली में भर कर ले गया और मकान का मलबा 24 घंटे में नहीं उठ जाने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।

जानकारी के अनुसार मेवातीपुरा कस्बा क्षेत्र में रहने वाले इसरार खां ने बताया की हम बुजुर्ग पिता नन्ने खां का इलाज कराने के लिए अस्पताल गए थे। इसी दौरान लाल मस्जिद क्षेत्र में रहने वाले रशीद खां ने हमारा पैतृक मकान तोड़ दिया और घर का सामान भी ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर ले गया।

पुलिस अधीक्षक को दिए पत्र में फरियादी ने बताया की पिता नन्ने खां और मेरे चाचा स्वबन्ने खां के पैत्रक मकान वार्ड क्रमांक 30 में होकर नगर पालिका भवन नंबर125 दादी रशीदन बी के नाम दर्ज है। चाचा स्व.बन्ने खां ने अपने जीवनकाल में अपने मकान का आधा हिस्सा दान कर दिया गया था। इस मकान का विवाद रशीद खां से चल रहा है मामला कोर्ट में भी विचाराधीन है। कोर्ट ने अब तक मकान के को लेकर आधिपत्य कोई फैसला नहीं सुनाया है इस के बावजूद रशीद खां ने साथियों के साथ मकान तोड़कर 5 लाख का नुकसान कर दिया और घर में रखा 3 लाख रुपए का सामान भी उठाकर ले गया है।

## ज्यादती करने वाले दोषी को 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



घर से भगाकर नाबालिग बालिका के साथ रेप करने वाले को न्यायलय ने दोषी पाते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित बालिका के पिता ने थाना दोराहा में शिकायत दर्ज कराई थी कि 2 जुलाई 22 को उसकी लड़की घर से कही चली गई है।

पुलिस द्वारा 7 जुलाई को पीड़ित को आरोपी के कब्जे से ग्राम पदमश्री आष्टा से गिरफ्तार किया गया था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी का खेत उसके घर के बगल में है, आरोपी आता-जाता था, इस कारण आरोपी की उससे पहचान हो गई। घटना दिवस को आरोपी उसे बहला फुसलाकर अपने साथ बस से भोपाल और फिर भोपाल से बस से इंदौर ले गया।

आष्टा के ग्राम पदमश्री में अपने रिश्तेदारों के यहां पर ले गया। आरोपी ने नाबालिग को दो से तीन दिन अपनी पत्नि बनाकर रखा। पीड़िता के साथ रेप किया। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष की सजा दी है। दोनों ही पक्षों की ओर से न्यायालय में तर्क रखे गए थे।

## तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस के पार, आसमान में छाने लगे हल्के बादल, उमस से आमजन परेशान

**सीहोर।** जिले में बुधवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि आसमान में हल्के बादल छाने लगे हैं। जिसके कारण गुरुवार को अधिकतम तापमान में कल की तुलना में 3 डिग्री की कमी आई है।

शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि अभी हवाओं की रफ्तार 15 किलोमीटर प्रति घंटे है और उत्तर पश्चिम से हवाएं चल रही है। आसमान में हल्के बादल आने लगे हैं, जिसके कारण तापमान में कुछ गिरावट नजर आ रही है। हालांकि आगामी दिनों में तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।

गौरतलब है कि जिले में गुरुवार को लगातार पांचवां दिन है। जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। भीषण गर्मी को देखते हुए



हेल्थ विभाग ने भी एडवाइजरी जारी की है।

#### लू लगने के संकेत

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लू लगने के कारण होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। यदि आप या कोई भी अन्य व्यक्ति लू के कारण होने वाले तनाव के लक्षणों का अनुभव करता है तो तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिये। लू लगने के संकेत चक्कर आना, जी मिचलाना, अत्यधिक प्यास लगना, सिरदर्द, हाफना और दिल की धड़कन तेज होना आदि लक्षण अना लू लगने के संके होते है।

#### डिहाइड्रेशन के लक्षण

बताया गया है कि डिहाइड्रेशन के लक्षण सांस लेने में तकलीफ, होंठ सूखना या खून आना, स्किन ड्राई होना, सिर दर्द, सुस्ती और थकान, एकाग्रता में कमी, कब्ज, सांस में बदबू आना, मांसपेशियों में दर्द, शरीर में पानी की कमी होने पर होती है। व्यक्ति विशेष और शरीर में पानी की मौजूदगी के आधार पर समस्या की गंभीरता कम या ज्यादा हो सकती है। डिहाइड्रेशन से बचाव के उपाय तरबूज, खरबूज, संतरा जैसे रसदार फल अधिक मात्रा में खाएं, ओरआरएस का घोल पिएं, नींबू पानी, छाछ, आम पन्ना, नारियल पानी या फ्रेश जूस पिएं, घर से बाहर निकलते वक्त पानी की बोतल साथ में लेकर जाएं।

## बुधनी-नर्मदापुरम के बीच नर्मदा पुल पर हादसाः कंटेनर ने बाइक को पीछे से टक्कर मारी, 3 महीने के नवजात और मां की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के बुधनी-नर्मदापुरम के बीच नर्मदा पुल पर बुधवार को दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें एक कंटेनर ने मां बेटे को कुचल दिया। दुर्घटना में 3 माह के नवजात की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और महिला के दोनों पैर में फ्रैक्चर हो गए। जिसे पहले नर्मदापुरम के नर्मदा अस्पताल में ले गए। जहां इलाज के बाद उसे भोपाल रेफर किया गया। लेकिन भोपाल में उस महिला की भी देर शाम को मौत हो गई।

नवजात शिशु के शव को पुलिस पंचनामा बनाकर बुधनी ले गई। मृत महिला के पिता नर्मदा




प्रसाद बुधनी में नगर परिषद में फायर ब्रिगेड ड्राइवर हैं। नर्मदा प्रसाद ने बताया बुधवार को अपनी बेटी एवं तीन माह के नाती को बुधनी से उसके ससुराल बंगाली कॉलोनी नर्मदापुरम छोड़ने जा रहे थे। इस बीच नर्मदा ब्रिज पर जैसे ही पहुंचे एक ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद वह और बाइक एक तरफ गिर गए। बेटी और नाती दोनों सड़क के दूसरी ओर गिरे, जिससे ट्रक का पहिया महिला के दोनों पैर से निकल गया और नवजात बेटे के सिर पर भी चोट लगी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। देर शाम मां की भोपाल के अस्पताल में मौत हो गई। मृतका ज्योति की तीन साल पहले कुनाल से शादी हुई थी। मामले में बुधनी थाना प्रभारी चैन सिंह का कहना है कि एफआईआर दर्ज की गई है। ड्राइवर को गिरफ्तार कर कंटेनर को भी जब्त कर लिया गया है।

## सुंदरकांड का पाठ करने वाले भक्त को हनुमान जी बल प्रदान करते हैं : राघव मिश्रा

# प्राचीन जगदीश मंदिर में दो हजार स्क्वायर फीट में बनाया जाएगा टीन शेड व किया जाएगा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर में इन दिनों निर्माण कार्य कराए जा रहे है। आगामी दिनों में भव्य रूप से पूरी की तर्ज पर रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर मंदिर का सौंदर्यीकरण के अलावा दो हजार स्कावयर फीट का भव्य टीन शेड का निर्माण कार्य कराए जाएगा। जिससे समाजजन मांगलिक कार्य आदि सुविधानुसार संपन्न हो जाए।

इसके लिए पूर्व में समाजजनों ने सर्व सम्मति से जगदीश मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष अनार सिंह परमार को बनाया है और चल समारोह अध्यक्ष हरीश परमार को बनाया गया है। मंगलवार की रात्रि को मंदिर परिसर में सुंदरकांड का आयोजन किया गया था। इस मौके पर कुबेरेश्वरधाम पर जिनकी शिव महापुराण चल रही है, पंडित राघव मिश्रा पहुंचे, इस मौके पर समाज



के पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल के नेतृत्व में समाजजनों निर्माण समिति के अध्यक्ष अनार सिंह परमार, हरीश परमार, शिव परमार मुरली, विष्णु परमार रोलूखेड़ी, जेपी परमार, मुकेश परमार, सुनील परमार आदि ने पंडित श्री मिश्रा का स्वागत किया। इस दौरान मंदिर में पहुंचे प्रदेश के उच्च शिक्षा मंदिर इंदर सिंह परमार का भी स्वागत किया।

इस मौके पर पंडित राघव मिश्रा छोटे सरकार ने कहा कि हनुमान पाठ के लाभ सुंदरकांड का पाठ करने वाले भक्त को हनुमान जी बल प्रदान करते हैं। उसके आसपास भी नकारात्मक शक्ति भटक नहीं सकती, इस तरह की शक्ति प्राप्त करता है वह भक्त। यह भी माना जाता है कि जब भक्त का आत्मविश्वास कम हो जाए या जीवन में कोई काम ना बन रहा हो, तो सुंदरकांड का पाठ करने से सभी काम अपने आप ही बनने लगते हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विष्णु परमार रोलूखेड़ी ने बताया कि मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड का आयोजन किया जाता है। पाठ के उपरांत भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे का आयोजन नवनियुक्त अनार सिंह द्वारा किया गया था। इस मौके पर अतिथि पंडित श्री मिश्रा, मंत्री इंदर सिंह परमार सहित चार सौ श्रद्धालु शामिल हुए थे।

## 13 जुआरी पकड़े गएः64 हजार 190 रुपए जब्त

**सीहोर।** जिले में हार जीत का दाव लगाने वाले पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। जिले की शाहगंज पुलिस ने 13 जुआरी पकड़े है। उनसे 64 हजार 190 रुपए जब्त किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, शाहगंज थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज वाडेकर को सूचना मिली कि ग्राम नांदनेर व तिल्लौट के बीच नर्मदा नदी के किनारे कुछ लोग ताश पत्तो से हार जीत का दाब लगाकर जुआ खेल रहे हैं। दो टीम बनाकर बताए गए स्थान नांदनेर व तिल्लौट के बीच नर्मदा नदी के किनारे पहुंचे। जहां देखा तो कुछ लोग खुली जगह मे ताश पत्तों से हार जीत का दाब लगाकर जुआ खेल रहे थे। जिन्हें घेरा बंदी कर 13 व्यक्तियों को पकड़ा उनके कब्जे से 64,190 रुपए व 52 ताश के पत्ते जब्त हुए हैं। पकड़े गए आरोपी में सुरेश सूर्यवंशी निवासी सतलापुर मंडीदीप, मुकेश



निवासी मोतलसिर थाना बरेली, दंगल सिंह निवासी ग्राम रानीगांव ,कुलदीप सिंह पिता किशोर सिंह ठाकुर , राकेश गुर्जर, लोकेश चौहान निवासी बैतूल, बबलू विश्वकर्मा पिता शंकरलाल विश्वकर्मा निवासी मंडीदीप, पहलाद धाकड निवासी छवारा, गजेन्द्र धाकड पिता भगवत सिंह धाकड निवासी धोखेडा, परमू यादव पिता पूरन लाल यादव निवासी मोतलसिर, सुदीप राजपूत, अर्जुन सिंह चौहान पिता हरिराम चौहान निवासी ग्राम रेहटी, पकंज महेश्वरी निवासी रेहटी शामिल है।

खबर संक्षेप



## सेन समाज श्रद्धा के साथ मनाएगा संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती

**सीहोर**। संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती 5 मई को आचार संहिता का पालन करते हुए साधारण रूप से स्थानीय सेन धर्मशाला सीहोर में सुबह 10 बजे मनाई जाएगी। समाजिक बंधुओं से निवेदन है सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है। अपील करने वालों में सर्वसेन समाज के अध्यक्ष तुलसीराम काका, युवा सेन समाज अध्यक्ष कमोद सेन, महामंत्री एलएस सेन, महेश बगबईया, मनोज सेन आदि समाजिक बंधुओं ने एवं महिला सेन संगठन ने अधिक से अधिक संख्या मे कार्यक्रम मे सम्मिलित होने की अपील की है। सेन महाराज की आरती सुबह 10.20 पर होगी।

## मिठाई का वितरण कर मनाया श्रमिक दिवस



**सीहोर**। आज आपके सामने जो कर्म व दायित्व है, उन्हें पूरी निष्ठा एवं बगैर देर किए पूरा करना ही आपका कर्तव्य है और यही आज के अधिकार की पूर्ति भी है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को यहां पर चल रहे बड़े स्तर पर निर्माण कार्य में कार्यरत श्रमिकों को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित करते हुए भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति के प्रबंधक समीर शुक्ला सहित समिति के अन्य और श्रद्धालु शामिल थे। हर साल बड़े ही पैमाने श्रमिकों का सम्मान किया जाता है। इसके अंतर्गत श्रमिक दिवस महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस दौरान पंडित विनय मिश्रा, आशीष वर्मा, यश अग्रवाल, मनोज दीक्षित मामा, आकाश शर्मा, रविन्द्र नायक, सौभाग्य मिश्रा, बंटी परिहार आदि मौजूद थे।

## मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ देवास ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**देवास**। मजदूर दिवस पर मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांत अध्यक्ष शलभ भदोरिया के निर्देश पर देवास इकाई द्वारा 21 सूत्री मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में टोल नाकों पर संघ के कार्ड को मान्यता देने, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ देने मिले जैसी पत्रकारों के हित से जुड़ी 21 सूत्रीय मांग रखी गई।

### शहर के 15 वार्डों में 39 करोड़ की लागत से सीवरेज लाइन प्रोजेक्ट का काम किया जा रहा

# भैरुंदा में सीवरेज लाइन का काम लोगों के लिए बना सिरदर्द, वाहन चालक हो रहे परेशान

नगर के वार्डों की गली की सड़क को सीवरेज के नाम पर खोदने के बाद ठेकेदार उसकी मरम्मत करवाना ही भूल गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर में संचालित सीवरेज लाइन का काम आम लोगों के लिए सुविधा के बजाय सिरदर्द ज्यादा बनता नजर आ रहा है। यहां ठेकेदार द्वारा बरती गई घोर लापरवाही के कारण लाइने बिछाने के लिए सड़कें खोदने के बाद दोबारा उनकी मरम्मत नहीं की जा रही है। जिससे रहवासियों ओर राहगीरों को अनावश्यक मुश्किलें झेलने पर मजबूर होना पड़ रहा है। ठेकेदार की सुस्ती और लापरवाही का शिकार होने वालों में नगर के वार्डों की गली की सड़क को सीवरेज के नाम पर खोदने के बाद ठेकेदार उसकी मरम्मत करवाना ही भूल गया है। परिणाम स्वरूप लापरवाह ठेकेदार की इस करनी की सजा रहवासियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करके भुगतना पड़ रही है।

यह उबड़ -खाबड़ सड़क नगर के कई वार्डो से मुख्य मार्ग भी है। जहां से प्रतिदिन समाजजनों का मंदिर के लिए आना-जाना लगा रहता है, लेकिन खस्ताहाल के चलते इस मार्ग पर वाहन से तो दूर लोगों का पैदल गुजरना भी मुश्किल हो चुका है। इतना ही नहीं लंबे समय से खुदी पड़ी इस सड़क के गड्ढों में बीते दिनों हुए कई हादसे जिसके कारण उसमें जन हानि हो रही है। बीती रात नगर के मुख्य मार्ग पर रेत से भरा ट्रक पलट गया जिसमें उसके ट्रैक में काफी नुकसान हुआ। यह एक मामला नहीं है पहले भी ऐसी घटना हो चुकी हैं। अभी कुछ दिनों बाद बारिश का मौसम भी शुरू होने वाला है। ऐसे में यदि उसके पहले उक्त सड़क का सुधार नहीं किया जाता है तो इस समस्या के और विकराल होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।







उल्लेखनीय है कि शहर के 15 वार्डों में 39 करोड़ की लागत से सीवरेज लाइन प्रोजेक्ट का काम किया जा रहा है। कई जगह काम हो चुका है तो कई जगह चल रहा है, लेकिन जहां काम पूरा हो चुका है वहां भी सड़कों की मरम्मत नहीं की जा रही है जो लोगों के लिए समस्या का कारण बन रही है। सीवरेज लाइन के काम से पैदा हुई मुश्किलों को झेलने वाले वार्ड वासियों की इस तकलीफ को नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर भली-भांति महसूस कर चुके। तब इस सड़क की बदहाल स्थिति देखकर इसकी जल्दी मरम्मत करवाने के लिए जिम्मेदारों को निर्देशित किया है लेकिन अभी तक भी लंबा वक्त बीत जाने के बावजूद सड़क की सुधार नहीं हो पाया और रहवासियों की समस्या यथावत बनी हुई है।

**कार्रवाई करेंगे**

नगर में सीवरेज लाइन का कार्य किया जा रहा है, जिसमें मुख्य मार्ग पर खुदाई की गई थी। उसमें पूर्ण रूप से भर्ती नहीं भरी गई जिसमें नगर के व्यापारियों की ट्रांसपोर्ट द्वारा गाड़ियां आती हैं और रोड के साइड में जो खुदाई की गई थी वहां टायर फंसने से गाड़ी पलटी खा जाती है। इसकी जानकारी मेरे द्वारा संबंधित अधिकारी सीवरेज लाइन को दी गई है और हम इस पर कार्रवाई भी करेंगे।

**मारुति शिशिर**, नप अध्यक्ष

## स्वसहायता समूहों के माध्यम से चलाया जा रहा मतदाता जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

दो मई को मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिश्न विकाखण्ड भैरूंदा द्वारा स्वीप गतिविधि लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विकासखण्ड भैरूंदा में नारी शक्ति वदंन कार्यक्रम के अन्तर्गत गठित 7 सीएलएफ 1. उन्नति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संघ संकुल भैरूंदा, 2. चेतना सीएलएफ गिल्लौर 3. प्रगति सीएलएफ गोपालपुर 4. अनमोल सीएलएफ पिपलानी 5. उमंग सीएलएफ सतराना 6. कृान्ति सीएलएफ चकल्दी 7. शक्ति सीएलएफ लाडकुई सीएलएफ के ग्रामो में आज बैठक कर मतदान का प्रतिशत बढाने के लिये मतदाता जागरूकता के लिये शपथ, मोमब्बती, रैली, मेहदी, वोटर पर्ची, पिले चावल के माध्याम से मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम किया गया स्वीप अभियान लगातार चल रहा है।

इस अभियान के तहत मतदाताओ को मतदान के लिये जागरूक करने के लिये एक और अनूठी पहल की गई है। जिसमे सीआरपी के माध्याम से 105 सीआरपी ने तीन तीन परिवारो को 100 प्रतिशत मतदान करने के लिये शपथ ली गई एंव पूर्ण ग्राम मे भी मतदान कराने के लिये घर घर जाकर मतदान कि जानकारी देगें नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अन्तर्गत समूहो सदस्यो के द्वारा निम्न गतिविधि की गई 1.बोटिंग प्रतिशत बढ़ाने पर चर्चा 2. सभी दीदीयों के द्वारा निष्पक्ष वोटिंग के लिए मतदाता शपथ ली गयी 3. प्रत्येक दीदी द्वारा ग्राम के सभी लोगो को बूथ तक लाने की जिम्मेदारी ली गई। स्वीप अभियान के अन्तर्गत विकाखण्ड प्रबंधक नरेन्द्र यादव सहायक विकासखण्ड प्रबंधंक हरिनारयण मालवीय, नितिन सिहं धुर्वे रीता अहिरवार, आनन गौरे कार्यक्रम में सम्मलित हुए।

भैरूंदा के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार कि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत मतदान कराने के लिए शपथ दिलाई गई एवं जागरूकता रैली निकाली गई।साथ अन्य कार्यक्रम के तहत आमजनों को लोकसभा चुनाव में स्वयं मतदान करें ओर अपने परिवार आसपास पड़ोसियों को मतदान करने के लिए जागरूक करने एवं अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकसभा निर्वाचन में सर्वाधिक मतदान करा सकें।

**निःशुल्क कैंसर परीक्षण शिविर का आयोजन आज :** सीहोर। भोपाल के प्रसिद्ध जवाहरलाल नेहरू कैंसर चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र के तत्वावधान में सीहोर जिले में निशुल्क कैंसर परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में भी ग्राम पचामा एवं ग्राम संग्रामपुर में इस प्रकार के कैम्पों का आयोजन किया गया जा चुका है। इसी क्रम में समीपस्थ ग्राम लसूड़िया परिहार में आज 3 मई 2024 को सुबह 10:00 से दोपहर 2:00 बजे तक विशाल केंसर परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भोपाल अस्पताल के कैंसर विशेषज्ञों की टीम द्वारा मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया जावेगा । इस सम्बंध में अस्पताल प्रबंधन द्वारा लोगों से उपस्थित होकर इस कैम्प का लाभ उठाने की अपील की है।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजू सरावगी ने कहा जरूरतमंदों की सेवा करना हमारा लक्ष्य

**सीहोर**। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की बैठक का आयोजन किया गया था। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजू सरावगी ने कहा जरूरतमंदों की सेवा करना हमारा लक्ष्य है। इस दौरान उड़ीसा से आईं राष्ट्रीय अध्यक्ष सरावगी ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों और पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान गणेश की वंदना के साथ की गई थी। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश में सभी महिलाओं के द्वारा प्रकल्पों पर सक्रियता से कार्य किया जा रहा है।

इस मौके पर नवनियुक्ति अध्यक्ष रजनी बाहेती सहित अन्य ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। वहीं सभी सदस्यों को बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया. महिला सशक्तीकरण, नेत्रदान, रक्तदान, देहदान, चलें गांव की ओर आदि प्रकल्पों पर काम करने के लिए निर्देश दिया। बैठक के दौरान राष्ट्रीय अचल प्रमुख सुमन मूंदड़ा, राष्ट्रीय बाल विकास प्रमुख इंदु गर्ग और अंजू गुप्ता, प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमारी बागड़ी ने बैठक के पश्चात जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की आगे बढ़ाया पर्यावरण प्रकल्प, बाल विकास, प्रकल्प संस्कार संस्कृति प्रकल्प, देहदान नेत्रदान प्रकल्प, सभी समितियां को झांकी के द्वारा दर्शाया गया अतिथि ने इतना सुंदर स्वागत और सारे प्रकल्प को देखकर प्रसन्नता की। बैठक में सचिव मंजू भारतीय द्वारा पूरा व्यवस्था की गई कोषाध्यक्ष गीता सोडाणी, तृषा विजयवर्गी द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य किया गया, स्वागत गीत प्रतिभा झवर किरण सोनी, सरोज सोनी ने किया।



शशि विजयवर्गीय ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया और कहा कि हमारी आई हुई राष्ट्रीय अध्यक्ष आगे के कार्यक्रमों के लिए बहुत अच्छे सुझाव हमें देकर गई हैं। सभी कार्यकारिणी सदस्य आभा कासट, निर्मला व्यास, ईदू भावसार, मंजू अग्रवाल, पुष्पा सोनी, ज्योति अग्रवाल, ज्योति सोनी, लता खंडेलवाल, संध्या विजयवर्गीय, ममता पितालिया, संगीता राठी ज्योति रुठिया, प्रेमलता रुठिया, राधा शर्मा, विनीता सोनी सहित संपूर्ण कार्यकारिणी ने सहयोग दिया।

## स्टेनो जेबी सिंह हुए सेवानिवृत, कर्तव्य निष्ठा को लेकर की प्रशंसा

**सीहोर**। कलेक्ट्रेट में पदस्थ स्टेनो टू कलेक्टर जेबी सिंह के सेवानिवृत होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। इस मौके पर कलेक्टर प्रवीण सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भी उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए अन्य कर्मचारियों को भी उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। 42 साल का सेवाकाल पूरा कर सिंह 30 अप्रैल को सेवानिवृत हुए।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के सभागार में विदाई समारोह हुआ। यहां पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने स्टेनो जेबी सिंह को शाल-श्रीफल और प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने सिंह के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि कम बोलना और अपने काम पर फोकस रखना ही जेबी सिंह की खासियत रही है। उन्होंने कहा कि जेबी सिंह समय से पहले कार्यालय पहुंचते थे। उनकी अपने कार्य के प्रति निष्ठा से सभी सीख ले सकते हैं। उनके अनुभव का काफी फायदा मिला। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने उनके कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने सभी कर्मचारियों से कहा कि इनके सफलतम कार्यकाल से सभी को सीखना चाहिए। कार्यक्रम में लिपिक संघ जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह एवं अन्य साथियों ने जेबी सिंह का शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। इस मौके पर माइनिंग अधिकारी राजेंद्र परमार, अरूण ठाकुर, लिपिक संघ सचिव अंशुल शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अंकुर शर्मा, अजय मालवीय, रामनारायण परमार, अरविंद साहू, राजेंद्र झलावा, हिमांशु शर्मा, अंकित राठौर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजय लक्केवार ने किया। अंत में आभार सूचना अधिकारी संजय जोशी ने माना। कार्यक्रम में जेबी सिंह के परिवार के सभी लोग मौजूद थे।



### राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक व जिला कांग्रेस ने संयुक्त ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा

# बाहुबलियों, दबंगों व राजनेताओं ने कर लिया शुगर मिल की सीलिंग जमीन पर कब्जा : जयमल सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर


राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक और जिला कांग्रेस ने संयुक्त रूप से बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को देकर जिला कांग्रेस कार्यालय में मजदूर दिवस मनाया। इंटक ने अवैधानिक रूप से बन्द शुगर मिल मालिक से श्रमिकों का बकाया 107 करोड़ रुपए वेतन दिलाने के साथ बेची गई चल-अचल सम्पत्तियों की जांच कराने उचित एवं त्वरित कार्यवाही कराने, बाहुबलियों व दबंगों एवं राजनेताओं के द्वारा किए गए सीलिंग की जमीन से कब्जे हटावाएं जाने और बी.एस.आई लिमिटेड एवं उसकी इकाईयों के समस्त कर्मचारियों एवं मजदूरों को 5 एकड़ जमीन बटन किए जाने की मांग शासन प्रशासन से की।

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक ने मजदूरों के साथ कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कहा कि शुगर मिल प्रबन्धन ने 14 बैंको से 150 करोड़ कर्जा लेकर फरार है और म.प्र. शासन से भी ड्रिप सिंचाई के नाम पर 80 लाख सब्सिडी फर्जी केस बनाकर प्राप्त कर चुका है। 6 करोड़ का केन्द्रीय गन्ना विकास लोन प्राप्त कर फर्जी दस्तावेज कर हड़प गया है जिसकी जाँच आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो ने शासकीय राशि एवं बैंक लोन की हेराफेरी करने का केस मिल मालिकों सहित संचालक कृषि मप्र एवं तत्कालीन बैंक मैनेजरों पर भोपाल न्यायालय में रजिस्टर्ड कर रखा है। जिसे पैसे के दम पर और प्रभाव डलवाकर केस पेंडिंग करा रखा है। वारंटी मिल मालिक को गिरफतार तक नहीं किया जा रहा है। शुगर मिल कम्पनी 15 फरवरी 2002 से अवैधानिक रूप से बन्द पड़ी है। इस मिल बन्दी को मप्र शासन, श्रम विभाग, श्रम न्यायालय, औधोगिक न्यायालय एवं उच्च न्यायालय ने भी अवैध घोषित किया है। समस्त श्रमिको को काम पर मानते हुए पूर्ण वेतन भुगतान के आदेश मिल प्रबंधन को दिए है लेकिन मिल मालिक कोर्ट के आदेश का पालन नहीं कर रहा है। मिल बन्द होने के 2000 श्रमिक तो बेरोजगार हुये है सीहोर की अर्थव्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। अब तक हमारे 80 श्रमिक या उनके आश्रितों की मौत हो चुकी है। जिस कारण बच्चों की शिक्षा अवरुद्ध हो गई है धनाभाव के कारण इलाज नहीं हो पा रहा है। बच्चियों की शादी नहीं हो पा रही है। मजदूर परिवार भुखमरी की कगार पर है सैकड़ों श्रमिक पलायन कर गये हैं।



जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर के मुख्य अतिथिय एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के दिशानिर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक अध्यक्ष जमीर बहादुर,महामंत्री जयमल सिंह राजपाल, कार्यवाहक अध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा कि विभिन्न न्यायालयों के निर्णयों के अनुसार श्रम न्यायालय औधोगिक न्यायालय उच्च न्यायालय एवं श्रम विभाग के अनुसार निम्नानुसार एवं कानूनी हक मजदूरों का है। श्रमिकों का मिल मालिक पर कुल 107 करोड़ रुपये का बकाया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गणेश चतुर्वेदी, राममोहन श्रीवास्तव, भगवत सिंह परमार, प्रीतम दयाल चौरसिया, हरीश चंद्र आर्य, महेश शर्मा, ओमप्रकाश सिंह तोमर, भगत सिंह तोमर, सुनील दुबे ओम सोनी, सहित बड़ी संख्या में मजदूर शामिल रहे।

## हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज ने किया समाज के नवनिर्मित एमबीबीएस डॉक्टर का सम्मान



**सीहोर**। हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज ने समाज के नवनियुक्त डॉक्टर सुजीत जायसवाल एवं डॉ.शुभम जायसवाल का सम्मान शाल ,श्रीफल पुष्पमाला एवं सम्मान पत्र भेंट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय रहे। विशेष अतिथि के रूप में प्रदीप बिजोरिया , निलेश राय, ओम प्रकाश राय, दौलत राम राय ,परमानंद राय एवं कुमार सिंह जायसवाल राय सर्वप्रथम सहस्त्रबाहु भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाज के कवि,अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर के अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल का जन्मदिन भी धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। अतिथि उद्बोधन में समाजसेवी अखिलेश राय ने कहां की समाज के लिए बड़े गौरव की बात है कि एक मध्यवर्गीय परिवार ने अपनी दैनिक सुविधाओं को त्याग कर अपने बेटों को डॉक्टर की उपाधि दिलवाई धन्य ऐसे माता-पिता इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत पुष्माला पहनकर राजेश जायसवाल ,डॉक्टर शंकर जायसवाल ,अंकित जायसवाल ,मोर सिंह जायसवाल एवं लक्ष्मण सिंह चौकसे ने किया इस अवसर पर सुरेश राय लाइन मेंन ,डॉक्टर रतन जायसवाल, अंकित जायसवाल , मान सिंह जायसवाल, मोर सिंह जायसवाल,डॉक्टर शंकर लाल जायसवाल ,राकेश राय, विनोद राय, विमल राय, प्रेम राय , रजनी राय, रामदीन जायसवाल, संतोष जायसवाल, रमेश जायसवाल, शैलेंद्र जायसवाल ,डॉ विजेंद्र जायसवाल ,सुखराम जायसवाल ,बालमुकुंद राय, लक्की जायसवाल, हेमंत जायसवाल ,राधा जायसवाल ,राजकुमारी जायसवाल ,बबीता जायसवाल, मोनिका जायसवाल ,बहादुर सिंह जायसवाल आदि उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रकट कुमेर सिंह जायसवाल ने किया।

### पूर्व में कर चुके हैं लिखित शिकायत, लेकिन नहीं हुई कोई कार्रवाई

# आए दिन विवादों में आरएमओ की कार्यशैली ! जूनियर से लेकर सीनियर डॉक्टर्स तक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

तात्कालीन सिविल सर्जन डॉ राजेन्द्र कटारिया ने प्रशासकीय कार्यव्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से आरएमओ की कमान डॉ यशपाल रिठौरिया को सौंपी थी लेकिन उन्हें यह आशा नहीं थी की आने वाले दिनों में यह चार्ज जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों के बीच विवाद का विषय बनेगा। अक्टूबर 2022 को आरएमओ के चार्ज के बाद से ही डॉ यशपाल का विवादों से नाता रहा है। कई डॉक्टर इनकी शिकायत कर चुके हैं परंतु वर्तमान सिविल सर्जन भी अभी कोई कार्रवाई के मूड में नजर नहीं आ रहे हैं। यहां तक की कई सीनियर चिकित्सकों ने इनको हटाते के लिए मांग पत्र भी सौंप चुके हैं।

### सिविल सर्जन बोले आरएमओ हटाने में और ज्यादा परेशानी




#### सिविल सर्जन ने आरटीआई में दी जानकारी में भी सीनियर का नहीं दिया हवाला

आनंद द्वारा लगाई गई आरटीआई में सिविल सर्जन राजगढ़ डॉ नितिन पटेल ने जानकारी देते हुए बताया है कि द्वितीय श्रेणी के नियमित चिकित्सा अधिकारियों को प्रशासकीय पदों के प्रभार में प्राथमिकता देने का प्रावधान है इसलिए डॉ यशपाल वहां हैं। स्वयं सिविल सर्जन ने भी अपने द्वारा जारी किए गए आरटीआई के उत्तर में सीनियर डॉक्टर को आरएमओ मे प्राथमिकता देने का उल्लेख तक नहीं किया। बल्कि उन्होंने बताया कि यदि इन्हें अभी हटाते हैं तो कई रूटिन काम प्रभावित हो जाएंगे, क्योंकि एक लम्बा प्रोसीजर होता है इस पूरे जार्च को देने का।

#### यूएसजी का प्रशिक्षण लेकर भी मरीजों का नहीं कर रहे उपचार

एक दर्जन से अधिक डॉक्टर द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि डॉ यशपाल ने जब यूएसजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रखा है तो मरीजों को लाभ क्यों नही पहुंचाया जा रहा, उल्टा उन्हें आरएमओ का चार्ज प्रशिक्षण का कोई लाभ नजर नहीं आ रहा। इस संबंध में जब डॉ यशपाल रिठौरिया से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

#### यह रही डॉक्टरों को शिकायतें

- शासन के जारी निर्देश के अनुसार संस्था में पदस्थ वरिष्ठतम चिकित्सक को आरएमओ का प्रभार संभालने हेतु निर्देश दिये गये हैं। वर्तमान आरएमओ संस्था में पदस्थ समस्त नियमित चिकित्सकों में कनिष्ठतम हैं।
- . डॉ. यशपाल सिंह अस्पताल के सबसे जूनियर आरएमओ हैं इनका अभी प्रोबेशन भी कम्पलीट नहीं हुआ है।
- इनका व्यवहार अन्य चिकित्सकों के प्रति अच्छा नहीं रहा है सीनियर चिकित्सक के साथ अभद्र व्यवहार करते रहते हैं। जूनियर चिकित्सक के प्रति भी अच्छा व्यवहार नहीं रखते है।
- प्रशासकीय कार्यक्षमता की कमी चिकित्सक सही समझाइश एवं सामन्जस्य से कार्य नहीं करते हैं। चिकित्सक की ड्यूटी सोच-समझकर नही लगाते इनकी वजह से शासकीय कार्यक्रमों का पता ही नहीं चल पाता।
- ओपीडी समय में प्रशिक्षण रख लेते हैं जिसके कारण अस्पताल प्रशासन की ज्यादातर समय गलत छवि मरीजों के सामने जाती है।
- डॉ यशपाल के आरएमओ पद पर रहने के कारण ड्यूटी चिकित्सक कम हो रहे हैं। एक जूनियर चिकित्सक को आरएमओ का पद देना बांकी सीनियर चिकित्सकों का अपमान है।
- इनके द्वारा यूएसजी का प्रशिक्षण प्राप्त किया जा चुका है पर मरीजों को यूएसजी की सुविधा प्राप्त नहीं हो पा रही है।

### दो कभी तीन दिन छोड़कर 20 मिनट आते हैं नल

## पानी के नाम पर लाखों खर्च फिर भी समय पर नहीं मिल रहा पीने का पानी




हरिभूमि न्यूज ▶▶तलेन

नगर परिषद तलेन में पानी के नाम पर लाखों रुपए निकल रहे हैं। उसके बाद भी नगर में दो दिन कभी तीन दिन छोड़कर नल आ रहे हैं। नल आने का कोई समय नहीं है। वार्ड क्रमांक 2 में नल आने का समय ही बदल दिया। जबकि वार्ड क्रमांक 2 में आने वाली नल लाइन को प्रातः जल्दी देते थे।

जिसका समय अंतिम में कर दिया कभी टंकी नहीं भराई कभी मोटर खराब हो गई। यही बहाना बनाकर नगर वासियों को पानी पिलाने मे जवाबदार असमर्थ दिखते हैं। नगर परिषद सीएमओ साहब का नगर पर कोई ध्यान नहीं है। नगर के पचोर-शुजालपुर रोड पर लगी हुई स्टेट लाइट हमेशा बंद पड़ी रहती है। स्टेट लाइट की गारंटी समय समाप्त होने का है। पर प्रशासन का जवाबदार कोई भी उसको स्थाई चालू नहीं करा पाया शांति समिति की बैठक में भी स्टेट लाइट का मुद्दा उठा परंतु औपचारिकता बनकर रह गया। उल्लेखनीय है कि नगर में करीब 8 दिन से पानी अच्छा आने लगा है। उसके पहले खारा पानी नल में आता था। जिसको पीने की इच्छा नहीं होती थी। उसके बाद भी खारा पानी पीने को मजबूर थे नगर वासी।

#### सुधार करेंगे

नल की मोटर जलने की वजह से थोड़ी अव्यवस्था हो गई थी। नल का जो टाइम में परिवर्तन हुआ है, उसमें सुधार करवाता हूं। नल में जो भी समस्या आ रही है। उसको जल्दी सुधार किया जाएगा।

अशोक सिंह ठाकुर, नगर परिषद सीएमओ, तलेन

### श्रमिकों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था उद्देश्य

## राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य, जांच व उपचार परीक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश के पालन में तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष राजीव कर्महे के मार्गदर्शन में मंगलवार एक मई को जिला न्यायालय परिसर, राजगढ़ में निर्माणाधीन नवीन भवन में कार्यरत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उददेश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य, जांच व उपचार परीक्षण जिला न्यायाधीश योगीराज पाण्डेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य आतिथ्य तथा मुख्य चिकित्सा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी सिमोन सुलिया, स्वास्थ्य अधिकारी किरण बाडिवा, सिविल सर्जन नितिन पटेल व अन्य चिकित्सक आरएस परिहार की उपस्थिति में आयोजित किया गया।




इस अवसर पर सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण के लिए शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही श्रमिकों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में बताया गया।

## पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा समस्त तैयारी पूरी कर ली गई है, ताकि चुनाव मतदान शांतिपूर्वक हो सके और शत प्रतिशत मतदान हो निर्भीक होकर मतदाता मतदान करने पहुंचे इसके लिए लगातार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी बड़े शहरों में पुलिस द्वारा प्लेग मार्च निकाला जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक राजगढ़ आदित्य मिश्रा के निर्देशानुसार एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में सारंगपुर में फ्लैग मार्च निकाला इस दौरान थाना प्रभारी संतोष बाघेल सहित पुलिस जवान मौजूद रहे।

### सीएमओ और स्टाफ भी बाइक रैली में रहे मौजूद

## सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार नगर खुजनेर में सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किये जिसमें नगर में बाईक रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया साथ ही मतदान केन्द्र क्र. 208 में महिलाओं और नागरिकों को मतदान की शपथ दिलाई गई। बाईक रैली नगर परिषद कार्यालय से नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मतदाता जागरूकता गीत के साथ निकाली गई मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा रैली का संचालन करतें हुए नागरिकों को मतदान करने के लिये जागरूक किया मतदान केन्द्र क्र. 208 में बीएलओं आंगनबाडी कार्यकर्ताएं उपस्थित रही।

नागरिकों को मतदान की शपथ दिलातें हुए सभी को मतदान कराने की भी अपील की इसी तारतम्य में मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा नगर में मतदाता पर्चियों के वितरण की जानकारी ली गई तथा मौके पर जाकर सत्यापन किया गया शर्मा द्वारा चिडलावनिया रोड, देवमहाराज स्थान वार्ड 2 एवं 3 में जाकर मतदाता पर्चियों के वितरण का सत्यापन किया गया तथा बताया गया कि मई से मतदान तक प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों द्वारा शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा तथा शतप्रतिशत मतदान कराया जाएगा।



## कलेक्टर के निर्देश पर मतदाता जागरूकता का किया जा रहा कार्यक्रम



सुठालिया। आगामी 7 मई को लोकसभा के लिए मतदान होना है इसको लेकर जिला कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद ने अधिक संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग करें, इसको लेकर नगर में नए-नए कार्यक्रम करवाये जा रहे है। हाल ही में उनके द्वारा नगर के शासकीय स्कूलों में रंगोली, मेहंदी मीडिया प्रशासन के बीच क्रिकेट मैच करवाया उनका अगला प्रयास नगर में घर घर जाकर पीले चावल बाटकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास करेंगे, नगर में सत प्रतिशत मतदाता अपने मत का उपयोग करें, इसके लिए वह भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण मतदाता तुम्हें बुलाने को 7 मई को तुम भूल न जाना वोट डालने आने को नगर में स्वयं कर्मचारियों के साथ गली गली वार्डो में जाकर रैली निकालेंगे।

### लोधा लववंशी समाज समिति का 37वां सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶लखनवास

बगवाज तहसील सुठालिया में 28 जोडे परिणय सूत्र में बधे। सभी 28 कन्याओं को समिति की ओर से 21 बर्तन, पलंग, बिस्तर तकिया कूलर, कपडे माता जी बिछुड़ी एवं चांदी के मंगल सूत्र उपहार दिया गया। लडके को घड़ी, कपड़े ,नरियल दिए गये सभी वधू को 3000 रुपए नगदी दिए एवं दहेज में पलंग, पिलाई रजाई गद्दा तकिया समिति की ओर से दिया गया।



### खेल वृत्ति के आवेदन 31 मई तक आमंत्रित

विदिशा। मप्र शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के द्वारा 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहे हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को रुपए 10 हजार, रजत पदक पर 8 हजार एवं कांस्य पदक पर रुपए 6 हजार खेलवृत्ती राशि प्रदान करने का प्रावधान है। वर्ष 2024 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 मई तक जिला कार्यालय में जमा किए जाएंगे।

### रैलियों व सभाओं की अनुमति के लिए ऑनलाइन किए जा सकेंगे आवेदन

सागर। लोकसभा चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों को सभा के लिये मैदान की अनुमति लेने, रैली निकालने, लाउडस्पीकर, वाहन एवं हेलीपैड के लिये अनुमति लेने निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पडेगी। वे इन अनुमतियों के लिये सुविधा एप पर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने पारदर्शिता के मद्देनजर किसी भी कार्य की अनुमति लेने के लिये राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को पहले आओ पहले पाओ की सुविधा दी है।

## फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने घोषित किया इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने लटेरी थाने में दर्ज एक मामले में फरार आरोपियों पर इनाम घोषित किया है। आरोपियों पर कई गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज है। आरोपी रामवरन गुर्जर उम्र 24 साल, लक्ष्मी गुर्जर उम्र 30 साल, विनोद गुर्जर उम्र 25 साल, अमान सिंह गुर्जर उम्र 40 साल, राकेश गुर्जर उम्र 22 साल एवं बृजेश गुर्जर उम्र 20 साल निवासी ग्राम महावन थाना लटेरी घटना वाले दिन से फरार हैं। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल पा रहा। कोई भी व्यक्ति उक्त फरार आरोपियों को बंदी बनाएगा या बंदी बनाने में मदद करेगा अथवा ऐसी सूचना देगा जिससे आरोपी की गिफ्तारी संभव हो सके, आरोपियों की पतारसी के संबंध में एसपी दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा प्रत्येक आरोपी पर 1000-1000 रुपए नगद राशि से पुरस्कृत करने की घोषणा की है। सूचना देने वाला व्यक्ति चाहेगा तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### जाट समाज ने किया गौरा जाट का सम्मान



हरिभूमि न्यूज. विदिशा। विदिशा की जाट समाज ने 29 अप्रैल को ढोलखेड़ी चौराहे पर राणा मैरिज गार्डन में लक्ष्मीनारायण गोरा का स्वागत किया। लक्ष्मीनारायण गौरा वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड मध्यप्रदेश शासन के अध्यक्ष हैं। इस मौके पर हरनारायण जाट माली, जगदीश विंदा, सुनील चौपड़ा मौजूद रहे। राणा पैलेस विदिशा में पधारे जाट समाज के व्ही.एस.चौहान, जसवंत सिंह सिरोही, लक्ष्मणसिंह जाट, विदेश जाट, शैलेंद्र सिंह राणा एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

### 10 को भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकलेगी

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। ब्राह्मण समाज के सदस्य और पदाधिकारी ने कलेक्टोरेट पहुंचकर वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को आगामी 10 में को भगवान परशुराम की जयंती के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र दिया। समिति के सदस्यों ने बताया कि अक्षय तृतीया 10 मई को भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाएगी। जिसमें किलेअंदर परशुराम चौक से शोभायात्रा का आयोजन होगा। जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए सावरकर बाल विहार पहुंचेगी। जहां एक धर्म सभा का आयोजन होगा।

### पंजवानी बने युवा सिंधु सभा के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। भारतीय सिंधु सभा मध्यप्रदेश की भोपाल में हुई प्रांतीय बैठक में भारतीय सिंधु सभा की युवा शाखा के लिए विदिशा के मनोज पंजवानी को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। यह मनोनयन भगवानदास सबनानी, राजेश वाधवानी, गुलाब ठाकुर, महेश ठावरानी की सहमति से हुई है।

## मेडिकल कॉलेज में पर्चा बनवाने से पहले मोबाइल पर डाउनलोड करना होगा एप

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज में नए नियमों की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल मेडिकल कॉलेज में इलाज करने के लिए मरीजों को एक एप मोबाइल पर इंस्टॉल करने को कहा गया है। आभा एप इंस्टॉल करने के बाद उसमें तमाम जानकारियां दी जा रही है। पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगे लोग इस एप को डाउनलोड कर रहे हैं। कई ऐसे लोग हैं जिनके पास कीपैड मोबाइल है और वह एप डाउनलोड नहीं कर सकते। इस स्थिति की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग जहां अपनी बीमारी का इलाज करने पहुंचते हैं तो पहले उन्हे कई घंटे तक इस नई प्रक्रिया के चलते इलाज नहीं मिल पा रहा।



विदिशा। मेडिकल कॉलेज में पहुंचने वाले मरीजों से एप डाउनलोड कराया जा रहा।

कई ऐसे लोग भी सामने आए जिन्होंने एप डाउनलोड कर लिया, लेकिन सर्वर डाउन होने की वजह से वह आगे काम नहीं कर रहा। इस पूरे मामले को लेकर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर मनीष निगम ने बताया कि इस समस्या के लिए चार अलग से काउंटर बनाए गए हैं। जिनके पास मोबाइल नहीं है या कीपैड मोबाइल है उन्हें स्टाफ अपने मोबाइल के जरिए एप डाउनलोड कर मदद कर रहा है।

### टपरे में लगी आगः घर गृहस्थी के समान के साथ कागजात जलकर राख, बड़ा हादसा टला



विदिशा। खाईखेड़ा में एक घर में आग लग गई। जिससे घर में रखा गृहस्थी का सामान सहित बाइक भी जल गई। खाईखेड़ा गांव में रहने वाले राजेंद्र राजपूत के घर में आगजनी से घर का सामान, दस्तावेज, 5 हजार रुपए नकद के साथ घर के बाहर खड़ी बाइक में भी आग लग गई। राजेंद्र सिंह अकेला रहता है। वह मेहनत मजदूरी करता है। घर में आग लगने पर राजेंद्र ने भागकर अपनी जान बचाई और ग्रामीण को बुलाया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग को बुझाने का प्रयास किया। जब तक आग बुझाई गई तब तक सारा सामान जल चुका था।

## एक किलो 240 ग्राम गांजा रखने वाले आरोपी को एक साल की सजा

विदिशा। गांजा बेचने वाले एक आरोपी को विशेष न्यायाधीश ने 1 साल की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक ने बताया कि गंजबासौदा पुलिस को सूचना मिली थी की पूर्वी रेलवे कॉलोनी में शराब दुकान के पास एक व्यक्ति गांजा बेच रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी भागने लगा। घेराबंदी कर पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी सरजू प्रसाद शर्मा पिता द्वारका प्रसाद शर्मा निवासी सुभाष निकेतन वाली गली बासौदा की तलाशी लेने पर 1240 ग्राम गांजा मिला।

### मप्र सब जूनियर स्टेट रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

विदिशा। स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल और बालाजी ग्रुप द्वारा मप्र सब जूनियर स्टेट रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में पूरे मप्र से 500 प्रतियोगी भाग ले रहे हैं। मंगलवार को सिंगल्स में 102 मैच हुए और डबल्स में 22 मैच हुए । प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 12:30 बजे तक एवं शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक मैच खेले जाएंगे । फायनल मुकाबले 3 मई को होंगे, मप्र बैडमिंटन एसोसिएशन इसी दिन मप्र बैडमिंटन टीम का चयन भी करेगी।



### ब्राउन शुगर रखने वाले आरोपी को 2 साल की कैद

विदिशा। विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार राठी ने ब्राउन शुगर रखने वाले एक आरोपी को दो साल की सजा सुनाई है। अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि 10 अप्रैल 2021 को गंजबासौदा देहात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ईदगाह के पास जुल्फकार अली उर्फ रमजान पिता पीर खान 46 वर्ष निवासी ग्राम खूसौर थाना नटेरन को गिरफ्तार किया था।

## खबर संक्षेप

### रामलला के कैलेंडर का किया विमोचन



**सीहोर।** राजपूत समाज जिला सीहोर द्वारा भगवान रामलला का कैलेंडर तैयार कराया गया। जिसका विमोचन पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा कुबरेश्वर धाम में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय राजपूत महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तोमर, डॉ. सुभाष सिंह तोमर, ठाकुर गोविंद सिंह सिसोदिया, ठाकुर राम सिंह चौहान, ठाकुर किशन सिंह सिसोदिया, राजपूत समाज ट्रस्ट एवं श्री राम मंदिर समाज धर्मशाला के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सिसोदिया, भूपेंद्र सिंह पटवारी, गोपाल सिंह, सरपंच अमर सिंह निपानिया, प्रेम नारायण सिंह परमार, शैलेंद्र सिंह सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

### प्रेक्षक ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रूबल अग्रवाल ने सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सतरोनिया, अहमदपुर, अजमतनगर, नाईहेडी सहित अनेक मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों की सुविधाओं व व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### कृषि उपज मंडी में हुई उपज को हो रही है बंपर आवक

# मंडी प्रांगण हुआ फुलः कन्नौद रोड, शांति नगर में ट्रैक्टर ट्रॉलियों की लगी लंबी कतार

उपज की बंपर आवक के कारण हर बार कृषि उपज मंडी का परिसर छोटा पड़ रहा है। इस के कारण आए दिन मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गुरुवार को शहर की कृषि उपज मंडी में एक बार फिर से उपज की बंपर आवक रही इसके चलते सुबह 9 बजे से ही ट्रैक्टर ट्रालियों की कन्नौद मार्ग पर लाइन लग गई इधर शांति नगर में भी ट्रैक्टर ट्राली खड़े होने से लोगों को परेशानी हो रही है। सुबह 9 बजे से 11 तक ट्रैक्टर ट्रालियों की लाइन लगने से आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठाना पड़ी। स्थानीय नागरिक और किसान चंद्र सिंह मालवी चंद्रर सिंह मालवीय,रमेश चंद वर्मा ने मंडी प्रबंधन से इसके स्थाई हल की मांग की है। दरअसल शहर की कृषि उपज मंडी सीहोर जिले में ही नहीं मध्य प्रदेश में नंबर वन मंडियों में गिनी जाती है यहां पर सीजन में उपज की बंपर आवक रहती है इस कारण कृषि उपज मंडी का परिसर भी छोटा पड़ रहा है। इस कारण मंडी फूल भरने के बाद प्रशासन मंडी के पीछे ट्रैक्टर ट्रालियों को खड़ा करवाता है उसके बाद भी आए दिन व्यवस्था बिगड़ जाती है, आज भी कृषि उपज मंडी में ट्रैक्टर ट्रलियो फूल भर जाने के बाद कन्नौद मार्ग पर शांति नगर में वाहनों की लंबी लाइन लग गई इससे आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी उठाना पड़ रही है।



### रहवासी दो महीने से परेशान

कृषि उपज मंडी में बंपर आवक के चलते कन्नौद मार्ग के रहवासी वाहन चालक तो परेशान है ही है सबसे ज्यादा शांति नगर के रहवासी परेशानी उठा रहे हैं यहां आए दिन ट्रैक्टर ट्रालियों की लाइन लगने से कॉलोनी के लोग अपने वाहन भी नहीं निकल पा रहा है कॉलोनी के अक्षत पाठक ने बताया कि मंडी प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए आए। शांति नगर में ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी कतार लग जाती है इस कारण हम लोग अपने वाहन भी नहीं निकाल पाते हैं और आने-जाने में परेशानी होती है।

### यातायात पुलिस बल भी तैनात उसके बाद भी हो जाती है अव्यवस्था

कृषि उपज मंडी में बंपर आवक के चलते और कन्नौद मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रालियों की लाइन लगने से आम लोगों को तो परेशानी हो रही है लेकिन यातायात पुलिस को भी परेशानी उठाना पड़ती है। यातायात चौकी प्रभारी ललित दुबे ने बताया है कि यातायात पुलिस भोपाल, नाका कॉलोनी चौराहा ,मंडी गेट पर भी तैनात है और जैसे ही जाम लगता है यातायात पुलिस हटा देती है उसके बाद भी कन्नौद मार्ग के रहावासियों को परेशानी उठाना पड़ रही है।




### ज्यादा आवक के आने से होती है परेशानी

कृषि उपज मंडी सचिव प्रवीण चौधरी ने बताया है कि आज कृषि उपज मंडी में ज्यादा आवक होने से ट्रैक्टर ट्रालियों की कतार लग गई थी लेकिन व्यवस्थित कर दिया गया है। मंडी के पीछे ट्रैक्टर ट्रालियों को खड़ा कराया जाता है इस कारण शांति नगर में भी ट्रैक्टर ट्राली की कतार लग जाती है।

# पेट्रोल पंप पर मिलने वाली सुविधाओं का अभाव

### हवा पानी तक की नहीं है व्यवस्थाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

नगर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं को सुविधाएं भी मुहैया नहीं कराई जा रही हैं। कई पेट्रोल पंपों पर हवा व ठंडा पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं है। इसके बाद भी संबंधित कंपनियां व प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। कोठरी ।नगर सहित तहसील क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक पेट्रोल पंप चल रहे हैं। इन पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल भराने के लिए आने वाले लोगों को जो सुविधा मिलना चाहिए, वह नहीं मिल रही है। कई पेट्रोल पंपों पर हवा भरने व पेयजल के प्रबंध सही नहीं हैं। वहीं पेट्रोल पंप संचालक परिसर में शिकायत पुस्तिका व पेट्रोल मापने की इकाई भी नहीं रख रहे हैं।

जबकि इन पेट्रोल पंपों पर प्रत्येक दिन सैकड़ों लोग वाहनों में पेट्रोल,डीजल वा सीएनजी भराने के लिए आते हैं। जबकि पेट्रोलियम कंपनी के सख्त निर्देश हैं कि यह आवश्यक मापदंड होना अनिवार्य है। लोगों को यह सुविधा पाने के लिए अन्य स्थानों पर जाकर अतिरिक्त रुपए खर्च करना पड़ रहे हैं। हालांकि कुछ पेट्रोल पंपों पर जरूर यह सुविधाएं उपलब्ध हैं। पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल लेने आने वाले लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने का शासन की ओर से भी निर्देश हैं, लेकिन इन्हें पेट्रोल पंप संचालक अनदेखा करते हुए नजर आ रहे हैं।

### लोग होते हैं परेशान

अधिकांश पेट्रोल पंपों पर लोगों को सिर्फ पेट्रोल व डीजल ही मिल पाता है जबकि हवा, पानी व अन्य सुविधाओं के लिए उन्हें दूसरी जगहों पर जाना पड़ता है। इसके बाद भी इस तरफ प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। कई बार इन सुविधाओं के बारे में जागरूक लोग पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मचारियों से पूछते हैं तो उनके द्वारा संतुष्ट जवाब नहीं देते हुए बहाने बाजी कर टाल दिया जाता है। कनिष्ठ आपूर्ति खाद्य निरीक्षक रेशमा भवोर से फोन लगा कर बात करना चाही तो फोन उठाने तक का समय नहीं है उनके पास ।जैसे उनके ही संरक्षण में चल रहा हो यह खेल? कचनारिया जोड़ के पास के पेट्रोल पंप पर तो हवा भरने वाले इलेक्ट्रॉनिक मशीन ही टूटी पड़ी हुई है।तो उसके आगे वाले पर हवा भरने वाला नोजल। खराब बताते है कर्मचारी।

### यह होती है सुविधाएं

संचालकों को एक निश्चित सुविधा मुहैया कराने के एवज में लाइसेंस दिया जाता है। यह सुविधा पेट्रोल पंप में आने वाले सभी उपभोक्ताओं को मुफ्त में उपलब्ध करानी होती है। पेट्रोल पंप पर दी जाने वाली सुविधाओं में टेलीफोन, टायर में हवा डालने, प्राथमिक उपचार जैसी चीजें शामिल हैं। इसके साथ ही पीने का ठंडा पानी और बाथरूम का होना अनिवार्य है, ताकि लोग इनका इस्तेमाल कर सकें।

**करेंगे निरीक्षण**

जो भी संबंधित अधिकारी है उन से बात कर , निरीक्षण के लिए बताती हूं। सुविधा दुरुस्त कराई जाएगी।

**स्वाति उपाध्याय मिश्रा,** अनुविभागीय अधिकारी आष्टा

# मार्ग बाधित करने वालों के चालान बनाए, लोगों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर सहित हाईवे मार्गों पर वाहनों का जमावड़ा लगा रहता हैं ।दुकानदार दुकान से अधिक सड़क पर सामान रखते है।जिसके कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में अभियान चलाकर यातायात पुलिस आष्टा द्वारा भोपाल नाका से किलेरामा रोड स्थित मजार तक और भोपाल नाका से कन्नौद रोड स्थित मण्डी गेट तक रोड के दोनों साइड गलत तरीके से खड़े वाहनों व ठेलागाड़ी पर चालानी कार्रवाई कर समझाइश दी गई । अभियान के दौरान 23 चालान बनाकर शमन शुल्क 16500 रुपए वसूला गया। भोपाल नाके से लेकर कृषि उपज मंडी तक विशेष अभियान चलाकर जहां मार्ग को व्यवस्थित कराया, वहीं दूसरी ओर 18 चालान बनाकर अर्थदंड भी वसूला गया। 29 अप्रैल की तरह यातायात पुलिस आष्टा द्वारा भोपाल नाका से किलेरामा मजार तक और मण्डी गेट तक कन्नौद रोड के दोनों साइट प्रतिष्ठानों आदि के सामने, सड़क पर गलत तरीके से खड़े वाहन व ठेला गाड़ी एवं दुकानदारों के बाहर रखे सामान को रोड से अंदर करवाने की मुहिम चलाकर कारवाई की गई। एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन व निर्देश पर ललित गुप्ता उपनिरीक्षक यातायात प्रभारी, चंदरसिंह ठाकुर, कमलेश राय प्रधान आरक्षक आदि ने चालान बनाकर समंस शुल्क वसूला। वहीं चेतावनी भी दी गई कि अब सड़क पर सामान रखा तो सामान जब्त किया जाएगा।

# 95 साल के खुमान सिंह ने डाला वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मतदान करना हमारा कर्तव्य है मतदान अवश्य करें यह बात 95 साल के खुमान सिंह ठाकुर ने बताई और नव युवा पीढ़ी को यह संदेश दिया कि मतदान जरूर करें समस्त नव युवा और अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करे यह बात 95 साल के बुजुर्ग ने बताई मतदान टिम घर घर जाकर बुजुर्ग मतदाताओं से अपना वोट डलवा रहे हैं सेक्टर आफिसर बी एस मेवाड़ा, पीठासीन अधिकारी मांगीलाल, सहायक विक्रम वर्मा , धुर्वे , प्रवीण सिंह,बि एल ओ अजीज मंसुरी, कमलेश सोनी, रामलाल मालवीय, राजपाल सिंह ठाकुर और



मतदान करता खुमान सिंह ठाकुर अपने वोट डालते हुए 95 साल की उम्र में।

# आज मनाया जाएगा भगवान गणेश का विवाहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बिना भगवान गणेश की पूजा आराधना के किसी भी शुभ संकल्प की पूर्ति नहीं हो सकती है। भगवान गणेश प्रथम वंदनीय हैं। विघ्नहर्ता के रूप में देवता भी उन्हें मान्यता देते हैं। भगवान गणेश भी अपने पिता की तरह सबसे सहज और सरल देवता माने जाते हैं। ज्ञान और बुद्धि के साथ विवेक देने वाले भगवान गणेशजी ही हैं। सच्चे मन से की गई उनकी आराधना कभी निष्फल नहीं होती।

उक्त बात जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय शिव महापुराण तीसरे दिन भगवान गणेश के जन्मोत्सव का प्रसंग के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के पुत्र कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा ने कहे। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को कथा के चौथे दिन भगवान गणेश का विवाहोत्सव आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के भोजन आदि की व्यवस्था समिति के प्रबंधक पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य के द्वारा की जा रही है।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विद्या भारती मध्य भारत प्रांत भोपाल द्वारा मार्गदर्शित ग्राम भारती शिक्षा समिति मध्य भारत प्रांत के दिशा दर्शन में संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालयों द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

प्रांतीय ऑनलाइन बैठक को संबोधित करते हुए पर्यावरण विषय के प्रांतीय संयोजक राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण अभियान में युवा वर्ग को आगे आना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण देश भक्ति है पर्यावरण संरक्षण अभियान को नगर-गांव गांव घर-घर तक ले जाना होगा।

आगे उन्होंने कहा कि सभी जिला संयोजक अपने जिले के सभी विद्यालयों और जिले की वार्षिक कार्य योजना बनाकर सुनियोजित तरीके से काम करेंगे तो परिणाम शत-प्रतिशत सकारात्मक आएंगे। अभी गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना, पशुओं को चारा पानी की व्यवस्था करना, जल संरक्षण यानि पानी का सही उपयोग किया जाए। जल है तो कल है हम पानी बना नहीं सकते हैं पर पानी की बचत जरूर कर सकते हैं। अपने घर, गांव नगर, कार्यालय और सार्वजनिक स्थानों को पॉलिथिन मुक्त करने में सहयोग करें और लोगों को संकल्प दिलाएं कि पॉलिथिन का कम से कम उपयोग करें। घर में पन्नी आने पर बाहर ना फेंके, प्लास्टिक की बोतल में दबा दबाकर भरकर (ईकोब्रक) रखें। पर्यावरण संरक्षण अभियान जन-जन का विषय है।

समाज की सहभागिता सुनिश्चित करना चाहिए तभी हम सबका जीवन स्वस्थ रहेगा। इस अवसर पर सभी जिला संयोजक और सह संयोजक के साथ पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।

# ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला अध्यक्ष ने सरस्वती शिशु मंदिर का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर के नवनियुक्त जिला प्रमुख रामबाबू नागर द्वारा खजुरिया संकुल के ग्राम सेवदा और टिगरिया संकुल के ग्राम कुरावर, हाजीपुर, टिगरिया, अरनिया गाजी, डोडी आदि सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों में प्रवास हुआ। प्रवास के दौरान उनका प्रत्येक विद्यालय में तिलक लगाकर व गमछा, पेन आदि भेंट कर स्वागत किया गया। ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला प्रमुख के द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण कर उचित व्यवस्था करने पर निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण वर्ग- नवीन आचार्य वर्ग,सामान्य शिक्षण वर्ग, प्रधानाचार्य वर्ग, शिशु वाटिका वर्ग, आदि के बारे में जानकारी दी गई।

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम की शाखा श्यामपुर में चल रहे धार्मिक आयोजन

# रामकाज कीन्हे बिनु मोहि कहां विश्रामः आशुतोष महाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम शाखा श्यामपुर के एनएच 46 स्थित आश्रम प्रांगण में नवदुर्गा महोत्सव व श्री हनुमान प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में एक दिवसीय श्रीहरिकथा एवं भजन संकीर्तन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुदेव आशुतोष महाराज के कृपापात्र शिष्य स्वामी महादेवानन्द ने मां भगवती के नौ दिव्य स्वरूपों को स्पष्ट करते हुए बताया कि शास्त्रानुसार मातारानी के प्रथम स्वरूप का नाम शैलपुत्री है। जो जीवन में परम् पूज्य महाराजश्री के अनुसार चट्टान सदृश दृढ़ विश्वास की द्योतक हैं।

धर्म सत्संग भक्ति का उद्देश्य भी लक्ष्यप्रेरित संकल्प है। इसका परिणाम सुदृढ संगठन युक्त सामाजिक एकता के रूप में फलित होता है। विषय राष्ट्रनिर्माण का हो, अथवा समाज सेवा का हो, देश भक्तों के सुदृढ संगठन हेतु एक महत्वपूर्ण आवश्यक तत्व अर्थात चट्टान जैसे दृढ़ विश्वास को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। दृढ़ विश्वास जन जनउ के आराध्य प्रभु श्रीराम के कार्य व्यवहार में झलकता है।

निशिचर हीन करहु महि भुज उठाई प्रण कीन्ह अर्थात उनका यह प्रण था कि पृथ्वी को आतातायियों राक्षसों से विहीन कर दूंगा। शास्त्रों के अनुसार श्रोत्रिय बृह्मनिष्ठ गुरू की शरण में बृह्मज्ञान के माध्यम से माँ भगवती के सनातन ईश्वरीय ज्योतिर्मय तत्व स्वरूप के दर्शन व ध्यान योग से इस आत्मबल को अर्जित किया जाता है। परम् पूज्य सर्वश्री आशुतोष महाराजश्री के अनुसार माँ भगवती का प्रथम शैलपुत्री स्वरूप इसी रहस्य को जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित करता है। जब माँ भगवती के सनातन अविनाशी ज्योतिर्मय स्वरूप के तत्वरूप के हृदयमंदिर में दर्शन में होते हैं। या देवि सर्वभूतेषु ज्योति रूपेण संस्थिता तब भक्तजनों के हृदय में राष्ट्र व समाज प्रेम हेतु जाग्रति का शंखनाद बज उठता है। आशुतोष महाराज बताते हैं कि देवी मां का एक मस्तिष्क है जबकि रावण के दस सिर है। पूजा एक सिर वाली माँ भगवती की जाती है। दस सिर वाले रावण की नहीं। इसके पीछे गहन अध्यात्म है। एक सिर प्रीतक है एक सुदृढ़ समवेत विचार का। जबकि दस सिर प्रतीक हैं एक ही साथ एक ही समय मे दस भिन्न-भिन्न विचारों के।

एक ही साथ दसों अर्थात अनेक विचारों के उत्पन्न होने की स्थिति को दशानन कहा गया है । इसी से व्यक्ति कन्फ्यूजन की दशा का शिकार हो बेकाम हो जाता है। इसीलिए महिसाषुर की पराजय एवं माँ भगवती की विजयश्री होती है। एवं इसीप्रकार दस सिर वाले दशानन की पराजय एवं प्रभुश्रीराम की विजयश्री होती है। पवनसुत श्रीहनुमान जी ने एक दृढ़ निश्चय किया और रामकाज के लिए जीवन अर्पित कर अपने को धन्य कर लिया। रामकाज कीन्हें बिना मोहि कहाँ विश्राम। आज के वर्तमान दौर में भी देश में समस्त जनमानस के सामने भी राष्ट्रनिर्माण राष्ट्र प्रेम व विश्व बंधुत्व रूपी रामकाज सबके सामने दस्तक दे रहा है।

इसके लिए सबको मानवीय मूल्यों की रक्षार्थ सनातन संस्कृति को चैतन्य बनाये रखने व राष्ट् निर्माण के लिए निरन्तर तत्पर रहना है। कार्यक्रम में मां भगवती, पवन सुत हनुमान जी प्रभुश्रीराम की महिमा एवं सनातन संस्कृति पर प्रस्तुत भजनों की स्वर लहरियों व दिव्य तरंगों से प्रांगण झंकृत हो उठा। श्रीहरिकथा के गुणगान से प्रकृति व क्षेत्र परिवेश का वातावरण शुभ मंगलकारी बन जाता है। इस अवसर पर स्वामी जी ने सहयोग कर्ता व बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताबंधुओं एवं माताओं-बहिनों सहित पधारे सभी भक्तजनों का पर्व की शुभ मंगलकामना के साथ हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। आरती उपरांत सभी भक्तजनों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# सीआरपीएफ फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना श्यामपुर क्षेत्र में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग के निर्देशन व अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग सीहोर पूजा शर्मा के मार्गदर्शन मे थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने श्यामपुर थाना प्रभारी निरीक्षक संध्या मिश्रा द्वारा थाना श्यामपुर फोर्स, सीआरपीएफ का फोर्स को साथ लेकर थाना श्यामपुर क्षेत्र के ग्राम बामुलिया, हिगोनी, बैरागढ़ खुमान, मुख्तार नगर, खजुरिया कला व अन्य गांवो में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से फ्लेग मार्च निकाला गया।